दैनिक भास्कर
जोधपुर 18-05-2022

फीस स्ट्रक्चर • एआईसीटीई की ओर से गठित कमेटी ने दी रिपोर्ट, विभिन्न कोर्सेज का न्यूनतम व अधिकतम शुल्क किया तय

बीटेक की अधिकतम फीस अब सालाना 1.89 लाख और एमबीए की एक साल की फीस होगी 1.95 लाख

इंजीनियरिंग की न्यूनतम फीस 79600

एजुकेशन रिपोर्टर | जयपुर

एआईसीटीई ने डिप्लोमा, डिग्री और पीजी कोर्सेज की न्यूनतम और अधिकतम फीस के संबंध में गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की है। इससे पहले एआईसीटीई ने फीस तय करने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया था। कमेटी ने रिवाइज फीस जारी कर दी है। बता दें साल 2015 में फीस रिवाइज की गई थी। नए फीस स्ट्रक्चर के अनुसार चार साल के इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी कोर्स की न्यूनतम फीस 79,600 और अधिकतम फीस सालाना 1,89,800 रुपए रहेगी। दो साल के मैनेजमेंट प्रोग्राम की न्यूनतम फीस सालाना 85 हजार रुपए व अधिकतम फीस 1,95,200 रुपए सालाना तय की गई है। वहीं संस्थान अन्य गतिविधियों के लिए अधिकतम दो हजार रुपए प्रति छात्र ले सकते हैं। इसमें मेडिकल फैसिलिटी, प्लेसमेंट, काउंसलर आदि की सेवाएं शामिल होंगी। इससे पहले जारी किए गए फीस स्ट्रक्चर पर आंध्रप्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, एमपी, महाराष्ट्र, तेलंगाना और यूपी ने आपत्ति की थी।

स्टूडेंट्स को तीन माह में मिल जानी चाहिए स्कॉलरशिप की राशि

कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक अब छात्रों के स्कॉलरशिप फॉर्म के वैरीफिकेशन के तीन माह के अंदर-अंदर छात्रवृत्ति की राशि स्टूडेंट के अकाउंट में ट्रांसफर हो जानी चाहिए। छात्रों को समय रहते छात्रवृत्ति मिले, राज्य सरकार को ऐसा मैकेनिज्म विकसित करने की सलाह दी गई है।

डिप्लोमा प्रोग्राम का फीस स्ट्रक्चर

कोर्स	समयावधि	न्यूनतम	अधिकतम
इंजी. एंड टेक्नो	3	67,900	1,40,900
अप्लाइड आर्ट्स	3	81,900	1,64,700
डिजाइन	3	82,500	1,61,500
होटल मैने./कैटरिंग	3	67,900	1,47,800

• नोटः फीस रुपए में और समयावधि सालों में

यह रहेगी डिग्री कोर्सेज की फीस

कोर्स	समयावधि	न्यूनतम	अधिकतम
इंजी. एंड टेक्नो	4	79,600	1,89,800
प्लानिंग	4	72,000	2,16,100
अप्लाइड आर्ट्स	4	1,49,300	3,67,900
डिजाइन	4	1,33,500	3,30,500
होटल मैने./कैटरिंग	4	81,300	1,91,200

पीजी कोर्सेज का फीस स्ट्रक्चर

कोर्स	समयावधि	न्यूनतम	अधिकतम
इंजी. एंड टेक्नो	2	1,41,200	3,04,000
प्लानिंग	2	2,11,900	4,50,200
अप्लाइड आर्ट्स	2	2,20,200	4,49,900
डिजाइन	2	2,63,500	5,57,100
होटल मैने./कैटरिंग	2	1,83,400	3,78,400
एमसीए	3	88,500	1,94,100
एमबीए	2	85,000	1,95,200

81,300 रुपए रहेगी होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग के चार साल के डिग्री कोर्स की सालाना फीस